# शिवकुमार ने प्रल्हाद जोशी से महादयी परियोजना के लिए केंद्र को राजी करने का किया आग्रह

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार शाम को केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी से राज्य में महादयी और अपर भद्रा परियोजनाओं के लिए केंद्र को राजी करने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा मैं हाथ जोड़कर सांसद से इस गणेश चतुर्थी पर महादयी परियोजना के लिए अनुमति दिलाने और अपर भद्रा नहर परियोजना के लिए धन जारी करने का अनुरोध करता हूं। अगर प्रल्हाद जोशी इन दोनों परियोजनाओं में बाधाओं को दूर करते हैं तो मैं उन्हें नमन करूंगा। इससे पहले जोशी ने आरोप लगाया था कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) और आदिवासी कल्याण विकास बोर्ड के मामलों से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने खुद ही अपहरण और हत्या के मामले में आरोपी अभिनेता दर्शन की जेल के अंदर से तस्वीर जारी की है। इन आरोपों का



जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि दर्शन, मुडा और वाल्मीकि कल्याण बोर्ड के मामलों को अलग रखें और दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने की दिशा में काम करें। कांग्रेस सरकार के खिलाफ जोशी द्वारा किए गए हमलों के बारे में फिर से पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राज्य सरकार के खिलाफ आरोप लगाने के लिए स्वतंत्र हैं। केंद्रीय मंत्री जोशी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि कांग्रेस दर्शन मामले को संभालने में विफल रही है और वह इस मामले के संबंध में राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को पत्र लिखेंगे। भाजपा सांसद के. सुधाकर की टिप्पणी, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि दो साल के भीतर येत्तिनाहोल का पानी चिक्कबल्लापुर और कोलार क्षेत्रों में लाया जाता है तो उपमुख्यमंत्री को भागीरथ कहेंगे पर शिवकुमार ने कहा कि सुधाकर ने उन्हें चुनौती दी है और वह इस चुनौती को प्यार और सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा वे येत्तिनाहोले परियोजना के भूमिपूजन समारोह में भी मौजूद थे।

उनकी इच्छा है कि चिक्कबल्लापुर और कोलार क्षेत्रों में पानी पहुंचे। आइए उनकी इच्छा को पूरा करने के लिए काम करें। ऐसा माना जाता है कि भागीरथ एक महान राजा थे, जिन्होंने स्वर्ग से गंगा नदी को धरती पर लाया था। वीरप्पा मोइली, के.एच. मुनियप्पा, सुब्बारेड्डी, शिवशंकर रेड्डी, रमेश कुमार, कृष्णा बायरे गौड़ा और सुधाकर सहित अन्य लोग कोलार क्षेत्र में पीने के पानी और स्थायी सिंचाई के लिए लड़ रहे हैं।

मैं कोलार क्षेत्र के लोगों की पानी की कमी से वाकिफ हूं। मैं किसी निजी कार्यक्रम के लिए शहर में नहीं हूं। येत्तिनाहोले परियोजना के तहत तुमकुरु और डोड्डबल्लापुर क्षेत्रों के मुद्दों और वन भूमि अधिग्रहण में कठिनाइयों पर एक सप्ताह के बाद मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश के कारण जलाशय भर गए हैं, जिससे सूखे की छाया खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश कम हुई है। मांड्या, बेंगलूरु ग्रामीण और तुमकुरु जैसे इलाकों में टैंक अभी भी भरे नहीं हैं। भाजपा शासन के दौरान येत्तिनाहोल परियोजना में प्रगति नहीं हुई। इसके कई कारण हो सकते हैं।

## शिवकुमार 7 दिवसीय दौरे के लिए अमेरिका रवाना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार रविवार से 7 दिवसीय अमेरिका दौरे पर हैं। शिवकुमार ने सुबह मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से मुलाकात की। शिवकुमार ने अपनी विदेश यात्रा के बारे में जानकारी दी है।

अमेरिका में चल रहे आम चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहीं कमला हैरिस के निमंत्रण पर डीके शिवकुमार एक निजी और राजनयिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका गए हैं। कमला हैरिस ने लोकतंत्र और चुनाव पर एक संवाद की मेजबानी की। इसमें भाग लेने के लिए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा समेत कई लोगों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार को भी आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में चुनाव व्यवस्था और राजनीति पर चर्चा होगी। मालूम हो कि डीके शिवकुमार इस बार बराक ओबामा से मुलाकात करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि बाद में डीके शिवकुमार शिकागो जाएंगे और पूंजी आकर्षण के बारे में उद्योगपतियों के साथ चर्चा करेंगे। अमेरिका रवाना होने से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से चर्चा की।

## सिद्धरामैया ने दिया इस्तीफा तो बेलगावी जिले का बनेगा सीएम

### वायरल पोस्टर के बाद बहस शुरू

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
ऐसे संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं कि अगर सिद्धरामैया इस्तीफा देते हैं, तो अगला मुख्यमंत्री बेलगावी जिले से होगा और यह बड़ी बहस का विषय बन रहा है। मुडा मामले में कोर्ट की सुनवाई सोमवार को होगी। इस संदर्भ में, यदि उच्च न्यायालय मुडा मामले में सिद्धरामैया के खिलाफ नियुक्ति के लिए राज्यपाल द्वारा दी गई पूर्व मंजूरी को बरकरार रखता है, तो सिद्धरामैया के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। ऐसी व्याख्याएं हैं कि ऐसे में सिद्धरामैया को इस्तीफा देना होगा। मुख्यमंत्री बनने के लिए सतीश जारकीहोली पर्दे के पीछे से मेहनत कर रहे हैं। वह लगातार दिल्ली का दौरा कर



रहे हैं और आलाकमान नेताओं से मुलाकात कर अपनी इच्छाएं जाहिर कर रहे हैं। इससे उनके समर्थकों में और उम्मीदें जगी हैं। मानो इसे पूरा करने के लिए सोशल मीडिया पर कई संदेश प्रसारित होने लगे हैं। सतीश जारकीहोली के अलग-अलग ग्रुप बनाए गए हैं। जब एक निजी मीडिया ने सवाल पूछा कि अगला मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा, तो सतीश जारकीहोली को सबसे ज्यादा वोट मिले। जबकि 25 प्रतिशत राय एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पक्ष में केंद्रित थीं, 32 प्रतिशत उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के पक्ष में, 43 प्रतिशत सतीश जारकीहोली के पक्ष में थीं। इस बीच रजनीश आचार्य ने भाजपा नेताओं की फोटो का इस्तेमाल करते हुए विज्ञापन दिया है कि अगर सतीश जारकीहोली मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह उनका तहे दिल से स्वागत करेंगे। गौरी-गणेश उत्सव के पोस्टर में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा विधायक रमेश जारकीहोली की तस्वीर छापने वाले रजनीश आचार्य ने कहा कि अगर सतीश जारकीहोली को मुख्यमंत्री पद मिलता है तो उनका स्वागत होगा। पोस्टर के साथ कांग्रेस में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चाएं सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।

## एमएलसी इवान डिसूजा ने तुलु फिल्म कंकनाडी के मुहूर्त पर पहली झलक दिखाई

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
एचपीआर फिल्म्स और फिल्म पुलिमंची के पीछे की टीम द्वारा निर्मित और त्रिशूल शेट्टी द्वारा निर्देशित तुलु फिल्म कंकनाडी का मुहूर्त समारोह शहर के उर्वा श्री मरियम्मा मंदिर में हुआ। एमएलसी इवान डिसूजा ने पहली झलक दिखाई, जबकि प्रकाश पांडेश्वर ने शुरुआती दृश्य के लिए कैमरा संभाला।

कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी इवान डिसूजा ने किया, जिन्होंने कहा कि जिले में कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन कलाकारों को समाज के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने सभी धार्मिक समुदायों के दर्शकों को तुलु फिल्में



देखने और उनका समर्थन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। तुलु अकादमी के अध्यक्ष थरनाथ गट्टी कपिकाड ने बताया कि कैसे तुलु भाषा दुनिया भर में फैल गई है। उन्होंने तुलु थिएटर और फिल्मों द्वारा भाषा को संरक्षित करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलु नाटक और फिल्में भाषा के राजदूत के रूप में काम करती हैं। कोंकणी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष जोआचिम स्टेनी अल्वारेस ने उम्मीद जताई कि कॉमेडी फिल्मों के साथ-साथ मजबूत सामाजिक संदेश देने वाली फिल्में भी बनाई जाएँगी। डॉ. देवदास कपिकाड ने कहा कि त्रिशूल जैसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों का भविष्य उज्ज्वल है और उन्होंने अभिनेताओं से समर्पण और निष्ठा के साथ अभिनय करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में निर्माता हरिप्रसाद राय, प्रकाश पांडेश्वर, उद्यमी मुरलीधर राय, अरविंद बोलर, बालकृष्ण शेट्टी, इस्माइल मूडुशेडे, राहुल अमीन, मास्टर फ्लावर पाकिरब्ब, नव्या पुजारी, लंचुलाल, रोशन शेट्टी, नवीन सल्यान मालपे, प्रकाश शेट्टी धर्मनगर सहित अन्य लोग शामिल हुए। हरिप्रसाद राय ने कंकनाडी फिल्म के निर्माण में निवेश किया है, जिसे पूरी तरह से दक्षिण कन्नड़ जिले में शूट किया जाएगा। कलाकारों का चयन जारी है, और कई दिग्गज अभिनेता फिल्म का हिस्सा हैं।

## रथ के पहियों के नीचे कुचल कर युवक की मौत

**विजयपुरा/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विजयपुरा जिले के देवर हिप्परगी के पास बी.बी. इंगलागी में गांव के देवता के वार्षिक रथ मेले के दौरान रविवार को रथ के पहियों के नीचे कुचल कर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

घाना गुरुसिद्धेश्वर जात्रा उत्सव में भीड़ द्वारा धक्का दिए जाने के कारण 25 वर्षीय देवेंद्रप्पा बदिगर रथ के पहियों के सामने गिर गया और पहिया उसके उपर से निकल गई। घटना के बाद उसकी तत्काल मौत हो गई। कलाकेरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र का नेतृत्व पार्टी नेताओं को स्वीकार नहीं: एम बी पाटिल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने दावा किया कि भाजपा के राज्य प्रमुख बी वाई विजयेंद्र का नेतृत्व पार्टी नेताओं को स्वीकार नहीं है। विजयेंद्र द्वारा यह कहे जाने के बाद कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के इस्तीफे का समय आ गया है, पाटिल ने कहा विजयेंद्र लंबे समय तक भाजपा अध्यक्ष नहीं रहेंगे और जल्द ही पद छोड़ देंगे। भाजपा नेताओं ने विजयेंद्र के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया है। बसनगौड़ा पाटिल यतनाल, रमेश जारकीहोली, आर अशोक और अश्वथ नारायण ने उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया है।



उन्होंने कहा कि विजयेंद्र को कई तथ्यों की जानकारी होनी चाहिए जैसे कि कैसे उनके पिता बी एस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा उनके पिता को उनकी पार्टी के नेताओं ने पद से हटा दिया था। मुडा मामले पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को इस मुद्दे को इधर-उधर करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ कुछ भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भाजपा सरकार ने हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी की। जब लोग जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे थे, तब बेड और पीपीई किट की खरीद में अवैधताएं थीं, जिसमें हजारों करोड़ रुपए लूटे गए। उन्होंने कहा कि लोगों को कोविड-19 के दौरान धन के दुरुपयोग पर भाजपा से सवाल पूछना चाहिए। मंत्री पाटिल ने कहा प्रहलाद जोशी को लोगों को कोविड घोटाले के बारे में बताना चाहिए जो भाजपा सरकार ने किया। भाजपा ने अपने चुनावों के लिए इस बड़ी राशि का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि जब हजारों लोग मर रहे थे, तब हजारों करोड़ रुपए का नोट बनाने को कोई भी सही नहीं ठहरा सकता। उन्होंने कहा कि मुडा मामले का फैसला अदालत को करने दें। क्या हमें पीएसआई मामले के बारे में बात नहीं करनी चाहिए, जो राज्य में भाजपा के शासन के दौरान हुआ था? मेरे अस्पताल ने कोविड-19 के दौरान गरीबों को मुफ्त इलाज की पेशकश की, मरीजों के लिए शुल्क कम किया गया और हमें पुरस्कार भी मिला। हमें संकट में लोगों की मदद करनी चाहिए, न कि पैसा कमाना चाहिए।

## सतीश जारकीहोली समेत कोई भी सीएम बने उसका करेंगे स्वागत: लक्ष्मण सावदी

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अथानी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक लक्ष्मण सावदी ने कहा कि वह कांग्रेस के मुख्यमंत्री के रूप में मंत्री सतीश जारकीहोली का स्वागत करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा मैं बेलगावी जिले के किसी भी मुख्यमंत्री का स्वागत करूंगा। उन्होंने कहा है कि सतीश जारकीहोली



समेत किसी भी मुख्यमंत्री को मेरा समर्थन है। भाजपा में प्रभावशाली नेता रहे लक्ष्मण सावदी पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस में चले गए थे। जिस दिन वह कांग्रेस में शामिल हुए उसी दिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट देने की घोषणा कर दी थी। उन्होंने जीत भी हासिल की। लक्ष्मण सावदी को मंत्री पद नहीं मिला क्योंकि कांग्रेस में पहले से ही कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इसके बजाय, बेलगावी से सतीश जारकिहोली और लक्ष्मी हेब्बालकर कैबिनेट सदस्य हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में जब सतीश जारकीहोली की बेटी प्रियंका कांग्रेस की उम्मीदवार बनीं तो उन्हें बेलगावी की सभी सीटों पर अच्छी बढ़त मिली। लेकिन अथानी विधानसभा क्षेत्र में झटका लगा। इसको लेकर सतीश जारकीहोली ने खुलकर बयान दिया और लक्ष्मण सावदी पर अपना गुस्सा निकाला। चुनाव के दौरान डीके शिवकुमार ने एक ऑपरेशन चलाया और लक्ष्मण सावदी को कांग्रेस में ले आए। चर्चा है कि यह बात सतीश जारकीहोली को पसंद नहीं आई। इसके बाद भी दोनों के बीच राजनीतिक तौर पर ठीक-ठाक माहौल है। इस बीच, सतीश जारकीहोली ने पर्दे के पीछे से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश कर दी है। इस सवाल का जवाब देते हुए लक्ष्मण सावदी ने कहा कि जिले से कोई भी मुख्यमंत्री हो, उसे मेरा समर्थन है।

## रेणुकास्वामी हत्या मामला : दर्शन और गिरोह आज जमानत के लिए कर सकते हैं आवेदन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
चित्रदुर्ग रेणुकास्वामी हत्या मामले में न्यायिक हिरासत में बंद दर्शन और उनके साथी सोमवार को जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। पिछले तीन महीने से जेल में बंद दर्शन ने अभी तक जमानत के लिए आवेदन नहीं किया है। दर्शन के वकील ने बयान दिया था कि वह आरोप पत्र दाखिल होने के बाद जमानत अर्जी की समीक्षा करेंगे। पिछले गुरुवार को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। इसलिए, दर्शन और अन्य आरोपियों के वकील अदालत में जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि आरोप पत्र दाखिल करने से पहले जमानत याचिका दायर की जाती है, तो अभियुक्तों के प्रभावशाली होने और गवाहों के प्रभावित होने की संभावना ज्यादा होती है और जमानत में बाधा आ सकती है। अब जांच पूरी हो चुकी है और मुकदमा कोर्ट में लंबित है। यदि इस स्तर पर जमानत याचिका दायर की जाती है, तो लगभग उम्मीद है कि इसे मंजूरी दे दी जाएगी। लेकिन दर्शन की हरकत से उत्सुकता बढ़ गई है कि वह जमानत के लिए आवेदन करेंगे या नहीं। मामले में गिरफ्तार किए गए 17 आरोपियों में से कुछ तुमकुरु जेल में हैं, जबकि बाकी अग्रहारा जेल में हैं। जेल में दंगाइयों के



मद्देनजर बड़ा विवाद पैदा होने के बाद दर्शन को बल्लारी जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसी तरह, कुछ आरोपियों को शिवमोग्गा, धारवाड़, मैसूरु समेत कई जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि कुछ आरोपियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे वकीलों को फीस देने की स्थिति में नहीं है। उनसे कहा जा रहा है कि उन्हें दर्शन के वकील की फीस देनी होगी। दर्शन एक नामी वकील के माध्यम से जमानत के लिए आवेदन करने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन पता चला है कि फीस महंगी होने के कारण वे एक मशहूर वकील से कानूनी मदद लेने के इरादे से पीछे हट गये हैं। दर्शन और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को खत्म हो जायेगी। इसलिए अन्य वकीलों के माध्यम से जमानत याचिका दायर करने की संभावना है। इस बीच, मामले की पहली आरोपी पवित्रा गौड़ा ने जमानत के लिए आवेदन किया था। निचली अदालत ने इसे खारिज कर दिया। पवित्रा गौड़ा ने वरिष्ठ वकील टॉमी सबस्टिन के माध्यम से उच्च न्यायालय का रुख किया। पवित्रा गौड़ा की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है। उत्सुकता व्याप्त है कि क्या दर्शन जमानत के लिए आवेदन करेंगे या मुकदमा खत्म होने तक इंतजार करेंगे।

### पश्चिमी घाट में और अधिक जल स्रोतों की तलाश के लिए

# वीजेएनएल ने पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करने की तैयारी की

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।** येत्तिनाहोल एकीकृत पेयजल परियोजना को क्रियान्वित करने वाली एजेंसी विश्वेसराय जल निगम लिमिटेड के अधिकारी परियोजना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पांच टीएमसीएफटी पानी की कमी को दूर करने के लिए स्रोतों की तलाश कर रहे हैं। वीजेएनएल येत्तिनाहोल परियोजना के सबसे गहरे बिंदु होंगडा हाला (729 मिमी) से नीचे की धाराओं से पानी निकालने के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। पश्चिमी घाट में कुछ और धाराओं का दोहन महत्वाकांक्षी परियोजना के आगे के विस्तार के हिस्से के रूप में किया जाएगा जिसका उद्देश्य सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाना है। शुक्रवार को सकलेशपुर तालुक के हेब्बानहल्ली में परियोजना के चरण 1 का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के वर्षा आंकड़ों को देखते हुए, पांच टीएमसीएफटी पानी की कमी है, जिसे अन्य स्रोतों से पूरा किया जाएगा। योजना के अनुसार, पश्चिम की ओर बहने वाली नदियों - येत्तिनाहोल, केरीहोल, कडुमने होल और होंगडा हल्ला - से 24.01 टीएमसीएफटी पानी उठाया जाएगा, जिससे कोलार, चिक्कबल्लापुर, बेंगलूरु ग्रामीण, तुमकुरु, हासन, चिक्कमगलूरु और रामनगर जिलों के कुछ हिस्सों में लोगों को लाभ मिलेगा। कुल उपलब्ध पानी में से 14.056 टीएमसीएफटी पानी पीने के लिए है और बाकी इन जिलों में 527 टैंकों को भरने के लिए है। आंकड़ों के अनुसार, उपलब्ध पानी का वार्षिक औसत 19 टीएमसीएफटी है। पीने के लिए पानी की कोई कमी नहीं है। हालांकि, टैंकों को भरने के लिए पानी की कमी हो सकती है। नीचे कुछ और स्रोतों का दोहन करके, हम और सात-आठ टीएमसीएफटी पानी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने चिक्कबल्लापुर और कोलार के लोगों को आश्वासन दिया, जो चिंतित हैं कि क्या उन्हें कभी परियोजना से पानी मिलेगा, कि उन्हें पीने और टैंकों को भरने दोनों के लिए पानी मिलेगा। वीजेएनएल के प्रबंध निदेशक सन्नाचित्तैया ने रविवार को बताया कि एजेंसी ने परियोजना के आगे विस्तार के लिए पूर्व-व्यवहार्यता की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमडी ने कहा हम निम्नतम बिंदु से परे स्रोतों की तलाश के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन के लिए निविदाएं जारी कर रहे हैं। वर्तमान में, होंगडाहल्ला, जहां वियर-7 स्थित है, सबसे गहरा बिंदु है। उन्होंने कहा, अधिकारियों ने उन धाराओं की पहचान की है, जहां से पानी को सीधे वियर-7 में मोड़ा जा सकता है और गुरुत्वाकर्षण द्वारा प्रवाह सुनिश्चित किया जा सकता है। एमडी ने बताया हमारे प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार, दो स्थानों पर डायवर्जन वियर बनाकर, हम गुरुत्वाकर्षण द्वारा वियर-7 में पानी के प्रवाह को सुविधाजनक बना सकते हैं। इसके अलावा, कुछ और स्रोत हैं, जिनसे पानी उठाया जा सकता है। हम सभी संभावनाओं पर काम कर रहे हैं।



### देसाई आयोग द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद

# मंत्री सुरेश ने मुडा घोटाले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया आश्वासन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने पी.एन. देसाई आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) द्वारा स्थलों के आवंटन में अनियमितताओं के लिए दोषी पाए गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रविवार को मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए सुरेश ने कहा कि मुडा में कथित अनियमितताओं के संबंध में सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पी.एन. देसाई की अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा विस्तृत जांच चल रही है। यह दावा करते हुए कि आयोग द्वारा कई लाख पृष्ठों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है, मंत्री ने कहा कि मुडा द्वारा की गई किसी भी अनियमितता को माफ नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा दस्तावेजों को एकत्र करने का काम चल रहा है और पी.एन. देसाई की अध्यक्षता वाले आयोग का कार्यालय बहुत आक्रामक तरीके से काम कर रहा है।

मुडा के एक अन्य पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार के निलंबन के बारे में पूछे जाने पर सुरेश ने कहा कि दिनेश कुमार, जो मुडा के तत्कालीन पूर्व आयुक्त थे, को निलंबित करने का निर्णय एक आंतरिक विभागीय जांच के बाद लिया गया था, जिसमें उनके द्वारा गलत कार्य किए जाने का पता चला था।

सुरेश ने कहा कि पी.एन. देसाई आयोग की रिपोर्ट पर भी काम चल रहा है और अगर जांच में किसी और के भी गलत काम में शामिल होने का पता चलता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह नटेश हों, जो मुडा के पूर्व आयुक्त हैं या उनसे पहले कोई अन्य आयुक्त। जब उनका ध्यान नटेश द्वारा 2022 में तत्कालीन मुडा अध्यक्ष एच.वी. राजीव के खिलाफ शहरी विकास विभाग सचिव को लिखे गए कथित पत्र की ओर दिलाया गया, जिसमें राजीव द्वारा विकसित आवासीय लेआउट के स्थलों पर खत्ता की मंजूरी पर सवाल उठाया गया था, तो सुरेश ने कहा कि उन्हें पत्र के बारे में पता नहीं है क्योंकि कथित तौर पर पत्र भेजे जाने के समय वह मंत्री नहीं थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह कोशिश करेंगे।

लेकिन सुरेश ने कहा कि वह पी.एन. देसाई आयोग द्वारा चल रही जांच के मद्देनजर शहरी विकास विभाग के मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुडा में अनियमितताओं के खिलाफ कोई भी कार्रवाई आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद ही की जाएगी। सुरेश ने कहा कि वह चामुंडी पहाड़ियों पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर और नंजनगुड में श्रीकंठेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए मैसूरु आए थे।

# नवादा में सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर




### ट्रक ने दो को रौंदा, विरोध में बवाल

**नवादा (एजेंसियां)।** नवादा में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद आक्रोशित लागों ने सड़क जाम कर दिया।

इतना ही नहीं गुस्साए लोगों ने खड़े ट्रक में आग लगा दी। घटना की सूचना पुलिस पहुंचकर और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद लोग माने और प्रदर्शन खत्म किया। इधर,अग्निशमन विभाग के कर्मियों को बुलाया गया तबतक बहुत देर हो चुकी थी। आग ने अपने आगोश में ट्रक को ले लिया था। ट्रक पूरी तरह जल गया।

वहीं मृत युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गोनावां निवासी पवन सिंह का 32 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार उर्फ बिट्टू कुमार के रूप में की गई है।

वहीं घायल युवक की पहचान वारिसलीगंज के सिमरी गांव के हरि सिंह के रूप में की गई। घटनास्थल बड़ी संख्या में पुलिस कैंप कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल नवादा भेजा दिया। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं युवक अतौआ के तरफ से अपने घर लौट रहा था। मृतक युवक के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं परिवार को देखने वाला कोई नहीं है।

# नालंदा में चोरों का तांडव, सोए परिवार के घर से लाखों के गहने और नकदी उड़ाई



**पटना (एजेंसियां)।** नालंदा जिले में चोरों ने एक बार फिर अपनी धमक दिखाई है। वेना थानाक्षेत्र के इमली बीघा गांव में शनिवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जहां चोरों ने लगभग तीन लाख रुपये मूल्य के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित परिवार के सदस्य बाली कुमार ने बताया कि वह शनिवार को किसी काम से घर से बाहर गए थे। घर में उनकी मां, बहन और भाभी थीं। रात को खाना खाने के बाद सभी सो गए। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाया और घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। बाली कुमार ने बताया कि चोरों ने फ्रिज पर रखी पेटी का ताला खोलकर उसमें से सोने की दो जोड़ी बालियां, एक चेन, नथिया, मंगलसूत्र, चांदी के दो जोड़े पायल, हाथ का बाला और 10 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली। सबसे हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी चोरी हो गई और घरवालों को भनक तक नहीं लगी।

उन्होंने बताया कि घटना का पता अगले दिन सुबह चला, जब परिवार के सदस्य उठे और देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने तुरंत वेना थाना पुलिस को सूचित किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हमें पीड़ित परिवार से चोरी की सूचना मिली है। हम मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच में जुट गए हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# महिला से बदसलूकी करने पर होटल के रसोइए की पिटाई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर के बन्नेरघट्टा में एक होटल में शनिवार रात 33 वर्षीय रसोइए की लोगों ने पिटाई कर दी, क्योंकि उसने कथित तौर पर शराब के नशे में एक महिला के साथ बदसलूकी करने की कोशिश की थी, जो पास की एक दुकान से लौट रही थी। हालांकि, पुलिस ने अब उन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है जिन्होंने उसे पीटा था, न कि उसके खिलाफ, क्योंकि पीड़िता पुलिस में शिकायत दर्ज कराने नहीं आई है। आरोपी की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है, जिसे कलकेरे कॉलोनी में एक महिला को कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए एक सुनसान जगह पर घसीटते हुए पकड़ा गया था। आरोपी ने हाथापाई में पीड़िता के कपड़े उतार दिए। हैरान पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाया, जिससे कुछ राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की, फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। रवि कुमार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। मेडिकल रिपोर्ट और उसके बयान के आधार पर बन्नेरघट्टा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। इस बीच, वे पीड़िता द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने का इंतजार कर रहे हैं ताकि रसोइए के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा सके।

# गोपालगंज में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक व्यक्ति की मौत



**सारण (एजेंसियां)।** गोपालगंज जिले के नगर थानाक्षेत्र के बसडिला गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई और खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, जिले के नगर थानाक्षेत्र के बसडिला गांव निवासी पलटू राम और बहारन राम के परिवार बीच काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। इसे लेकर कई बार पहले भी झगड़ा हुआ, पंचायत बैठी और मामले भी दर्ज कराए गए। उसके बाद भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका।

इसी बीच रविवार की सुबह 11 बजे के आसपास विवादित भूमि में लगे केले के पेड़ को बहारन राम का परिवार वहां जाकर काटने लगा। इस पर पलटू राम के परिवार के लोगों ने आपत्ति जताई। बात बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चलाए गए, जिस में पलटू राम की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही मुन्ना कुमार (18), नवल (15), सुधा कुमारी (15), आशु कुमार (12) और चंद किशोर कुमार (12) घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है।

वहीं, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर इस घटना में चार लोगों को हिरासत में लेने की बात बताई गई है। इसके अलावा पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# पटना में तीन हजार शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**पटना (एजेंसियां)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन ने बिहार के 38 जिलों के 3000 शिक्षकों को शिक्षा और समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का जश्न मनाने वाला यह कार्यक्रम राज्य भर के शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण था। इसने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से बिहार के भविष्य को आकार देने में उनके अथक प्रयासों को स्वीकार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस मौके पर सेंट माइकल हाई स्कूल को एसोसिएशन की ओर से वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसे सेंट माइकल हाई स्कूल के प्रिंसिपल फादर क्रिस्टू के हाथों में सौंपा गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि निजी विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्य बिलकुल भुलाए नहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों की जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर किया जाएगा और शिक्षक विभाग के पदाधिकारियों का इंस्पेक्टर राज नही चलेगा।

# राजधानी पटना की सब्जी मंडी में अपराधियों ने कलेक्शन एजेंट को मारी गोली, एक गिरफ्तार

**पटना (एजेंसियां)।** पटना के मसौढ़ी सब्जी मंडी में रविवार की दोपहर अपराधियों ने नगर निगम के कलेक्शन एजेंट नित्यानंद सिंह उर्फ पहलवान जी को गोली मार दी। गोली एजेंट के पैर में लगी और वह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया।

वहीं, घटना की सूचना के बाद मसौढ़ी थाना पुलिस सब्जी मंडी पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और लोगों से पूछताछ के बाद घटना के दो घंटे के अंदर एक अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दूसरे अपराधी की तलाश में छापामारी की जा रही है। घटना का कारण कलेक्शन के बाद पैसे का विवाद बताया जा रहा है।

घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नव वैभव ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस गिरफ्तार अपराधी मुन्ना कुमार से पूछताछ कर रही है। प्रथम दृष्टया में मामला पैसे के विवाद को लेकर बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, नित्यानंद सिंह उर्फ पहलवान जी पिछले सात वर्षों से नगर निगम के प्राइवेट कलेक्शन एजेंट के रूप में काम करते आ रहे हैं। रविवार को नित्यानंद सिंह सब्जी मंडी में बैठे थे। इसी बीच दो युवक उनके पास पहुंचे और पैसे की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी बीच एक अपराधी ने कमर से पिस्तौल निकाल कर पहलवान जी पर गोली चला दी। घटना के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने पहलवान जी को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। उसके बाद लोगों ने इसकी सूचना मसौढ़ी थाने को दी।

इस घटना के पीछे हरिवंशपुर के निगम कुमार और मुन्ना कुमार का नाम सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि निगम कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### नेपाल-भारत तस्करी नेटवर्क का खुलासा

# मोतिहारी पुलिस जाली करेंसी तस्कर सरफराज को रिमांड पर लेगी





**मोतिहारी (एजेंसियां)।** मोतिहारी पुलिस ने कश्मीर के अनंतनाग में पकड़े गए जाली करेंसी तस्कर सरफराज को रिमांड पर लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्रवाई आईबी और मिलिट्री इंटेलिजेंस के इनपुट के आधार पर की जा रही है। चार दिन पहले नेपाल बॉर्डर से करीब दो लाख रुपये के जाली नोट के साथ नजरे सद्दाम और उसके दो अन्य साथी पकड़े गए थे। उन्हीं के बयान के आधार पर सरफराज को गिरफ्तार किया गया था।

पकड़े गए तस्करों में नजरे सद्दाम एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर था, जो पहले भी मार्च और जून में जाली नोट की सप्लाई कर चुका था।

इन तस्करों का कनेक्शन नेपाल के धोरे गांव से है, जहां दो भाई जाली नोट सप्लाई करते थे। ये नोट बॉर्डर पार कर कश्मीर तक पहुंचाए जाते थे, जहां बड़े तस्करों के साथ लेन-देन होता था। मोतिहारी पुलिस सरफराज से पूछताछ कर इस धंधे के किंगपिन तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

जानकारी के अनुसार, नेपाल के धोरे गांव से संतोष सहनी से रुपये लेकर सरफराज कश्मीर में उग्रवादी कार्यों में उनका इस्तेमाल करता है।

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस तरह की गतिविधियां बढ़ गई हैं। पकड़े गए तस्करों में जाकिर उर्फ मुमताज मोतिहारी के रक्सौल और छतौनी के होटलों में कई बार ठहर चुका था। मोतिहारी में उसकी गतिविधियों की खुफिया जांच अब गहराई से की जा रही है।

### पूर्णिया तनिष्क शोरूम लूट कांड

# पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, मुख्य सरगना सहित पांच अपराधी गिरफ्तार

**पूर्णिया (एजेंसियां)।** पूर्णिया में हुए तनिष्क शोरूम लूट कांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य सरगना प्रशांत गौरव सहित कई अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि अन्य को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। गिरफ्तार अपराधियों में प्रशांत गौरव, सोनू झा, बिट्टू कुमार पासवान, अंकुश कुमार, और शम्मी आनंद शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं, जिनमें मोबाइल फोन, चेक बुक और अन्य सामग्री शामिल हैं।



पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों ने लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनके अलावा पुलिस ने कई अन्य अपराधियों की पहचान की है, जो इस घटना में शामिल थे। पुलिस इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि तनिष्क ज्वेलरी लूटकांड मामले में शामिल पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सरसी निवासी सोनू झा को सहरसा और एसटीएफ पुलिस के मदद से गिरफ्तार किया गया है। बिट्टू कुमार पासवान को मुजफ्फरपुर पुलिस और एसटीएफ के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। अकुंश कुमार को एसटीएफ और रोहतास पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। इलजरत मुख्य सरगना प्रशांत गौरव को पुलिस हिरासत में लेने की सूचना न्यायालय को दी जा रही है। घटना के बाद अपराधियों के रुपये प्राप्त करने वाले शमी आनंद को पटना से गिरफ्तार किया गया है।

एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस सभी साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है और जल्द ही इस मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### मोतिहारी में पुलिस का गजब का खेल

# मोटरसाइकिल चोरी मामले में स्वतंत्र गवाह को भी भेजा जेल

**मोतिहारी (एजेंसियां)।** मोतिहारी के घोड़ासहन थाना के कांड संख्या 360/24 में दिलचस्प मोड़ आ गया है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है कि वाहन चोरी मामले का खुलासा कर अपनी पीठ थप-थपा रही पुलिस ने इसी मामले में उस व्यक्ति को भी जेल भेज दिया है जो स्वतंत्र गवाह बना था।

घोड़ासहन पुलिस उक्त कांड में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पांच युवकों को जेल भेज चुकी है। इसमें विवेक घोषाल भी जेल गया है। बताया जा रहा है कि विवेक घोषाल इस मामले में स्वतंत्र गवाह और बरामदगी में जब्ती सूची का भी गवाह है।

पुलिस का दावा है कि उसने घोड़ासहन में बढ़ते मोटरसाइकिल चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चोरी की पांच मोटरसाइकिलें, रुपये और एक कट्टे को छापामारी कर बरामद किया है। इस



उपलब्धि पर घोड़ासहन थाना पुलिस ने अपने थाने पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। उसमें पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का बड़ा रैकेट चलाने वाले गिरोह का खुलासा करने का दावा किया है। घोड़ासहन थाने का यह दावा सही भी है। पर कहा जा रहा है कि इसमें एक चूक के कारण मोटरसाइकिल चोर गिरोह के खुलासे की उपलब्धि अब चर्चा में आ गई है।

दरअसल, घोड़ासहन थाना पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को जेल भेजा गया था। इससे संबंधित बाकायदा एसपी ऑफिस से तस्वीर के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई। इस प्रेस विज्ञप्ति में गिरफ्तार किए गए मोटरसाइकिल चोर गिरोह पांच बदमाशों का नाम है, उनमें पहला नाम विवेक घोषाल का है। विवेक घोषाल घोड़ासहन थाने द्वारा उसी मामले में दर्ज एफआईआर में स्वतंत्र गवाह भी है।

घोड़ासहन थाना कांड संख्या 360/24 में स्वतंत्र गवाह जिसके सामने जब्ती सूची बनी है, वहां भी विवेक घोषाल का ही नाम है। मतलब यह युवक विवेक घोषाल चोर भी है और उसी मामले में स्वतंत्र गवाह भी है। इस मसले को लेकर अब पुलिस के दावे पर सवाल उठ रहे हैं।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, रंगेहाथ पकड़ाया तो ग्रामीणों ने मंदिर में करवा दी शादी

**गया (एजेंसियां)।** बिहार के गया जिले में प्रेमी जोड़े की रात के अंधेरे में एक गांव के मंदिर में शादी रचाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। हर तरफ एक ही चर्चा हो रही है। आखिरकार बंटी को स्वीटी मिल गई। चार साल से दोनों में बात हो रही थी।

यह पूरा मामला फतेहपुर थाना क्षेत्र की है। लोगों का कहना है की एक प्रेमी अपने प्रेमिका से मिलने गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के दरिऔरा गांव पहुंचा, जहां प्रेमी ने प्रेमिका से मिलकर शादी की बात करने लगे। जीवन साथ निभाने का कसमें खाने लगे। इसी दौरान परिजनों को इस बात की भनक लग गई। परिजन दोनों को पकड़ लिया। यह खबर सुनते



ही गांव के लोग भी पहुंच गए। गांव वालों ने दोनों को पकड़ कर गांव के ही शिव मंदिर में शादी करा दिया।

जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर थाना क्षेत्र के खैरा गांव के रहने वाले राजकुमार यादव के पुत्र गोविंद बंटी पिछले शनिवार को अपने प्रेमिका से मिलने दरिऔरा गांव गया था। प्रेमिका के घर पहुंच कर प्रेमी साथ जीने मरने के बात कर रहे थे। शादी करने की जिद पर अड़े हुए थे। प्रेमी अपने प्रेमिका को मनाने में लगा हुआ था। इस बात की भनक लड़की के परिजनों को मिल गई। इस बात की खबर जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। मौके पर गांव वाले भी पहुंच गए।

गांव वालों और लड़की के परिजन दोनों प्रेमी युगल जोड़ी से बातचीत की और बातचीत के दौरान दोनों ने बताया बीते चार साल से आपस में प्यार होने की बात कबूल की और शादी करने की इच्छा जाहिर की। तब होना क्या था। लड़की के परिजनों और गांव वालों ने पहले कोर्ट से शपथ पत्र बनाया। उसके बाद फतेहपुर में स्थित शिव मंदिर में दोनों की शादी करवा दी। शादी के दौरान लड़का और लड़की के परिवार के अलावे गांव के लोग मौजूद रहे।

### जेपी नड्डा के सामने सीएम नीतीश के मंत्री ने खोली पोल

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार की किरकिरी कर दी

**पटना (एजेंसियां)।** दरभंगा में डीएमसीएच के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के उदघाटन समारोह के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के सामने बिहार सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने उनके सामने ही स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी खोलकर उद्घाटन समारोह की किरकिरी कर दी। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पटना से मरीजों को जो सुविधा उपलब्ध कराने को भेजा जाता है वह दरभंगा के मरीजों तक नहीं पहुंच पाता है। अब लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने अपनी ही सरकार पर सवाल



क्यों उठा रहे हैं? मंत्री यहीं नही रुके उन्होंने डीएमसीएच डॉक्टरों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि डीएमसीएच रेफर होने वाले मरीजों को पीएमसीएच क्यों नही भेजा जाता है यहाँ के डॉक्टर आईजीएमएस रेफर किया करते है।

मंत्री सहनी ने कहा कि हम बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि रोगी का भी इलाज सही ढंग से हो इस पर बात करने की जरूरत है। पटना से बहुत सारी सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध कराते हैं, लेकिन वह सारी सुविधा यहां उपलब्ध नहीं हो पाती है। बिहार सरकार के मंत्री होने के नाते हमें नहीं बोलना चाहिए, लेकिन हमें दरभंगा जिले में रहना है। दरभंगा के लोगों को सहयोग करने में हम काम नहीं आएंगे, तब उस समय हमलोगों को कठिनाई होगी।

मंत्री मदन सहनी ने डीएमसीएच के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जल्द से जल्द इंडोर इलाज की सुविधा शुरू करने की मांग की है। वही डीएमसीएच और सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का प्रबंधन अलग-अलग हाथों में देने की व्यवस्था की जाय। जिससे मरीजों को इलाज कराने में ज्यादा सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीएमसीएच में चिकित्सक व कर्मी नहीं हैं जबकि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अलग से चिकित्सक व टेक्नीशियन की आवश्यकता है। जबतक चिकित्सक और कर्मी प्रयाप्त संख्या में मिलेंगे तब जाकर हमलोगों को इस अस्पताल का पूरा लाभ मरीजों को मिलने लगेगा। मंत्री मदन सहनी के इस बयान के बाद लोग कई तरह के सियासी मायने निकालने में लगे है। मदन सहनी के इस बयान के बाद देखना दिलचस्प होगा कि अब भाजपा और जदयू इस बयान के क्या मायने निकालती है।

# अचानक प्रखंड मुख्यालय पहुंचे सांसद पप्पू यादव, शराब के नशे में धुत्त मिला प्रधान लिपिक

**पटना (एजेंसियां)।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने रूपौली प्रखंड मुख्यालय में औचक निरीक्षण किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। उन्होंने प्रधान लिपिक को शराब के नशे में धुत्त पाया और पुलिस को सूचना देकर गिरफ्तार करवाया। सांसद ने कहा कि भ्रष्टाचार और शराबबंदी के उल्लंघन के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने रूपौली प्रखंड और अंचल कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ डीएम से बात कर सुधार करवाने का काम करेंगे। सांसद पप्पू यादव लगातार अंचल और प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ औचक निरक्षण कर सिस्टम को दुरुस्त करने की कोशिस में जुटे हुए है। इसी क्रम में शनिवार को पप्पू



यादव रूपौली प्रखंड मुख्यालय पहुंच अंचल और प्रखंड कार्यालय का औचक निरक्षण शुरू किया। मौके पर मौजूद सैकडों लोग सांसद के सामने अंचल कार्यालय से लेकर मनरेगा के साथ ही आधार सेंटर में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत की झड़ी लगा दी। उसके बाद सांसद सीधे कार्यालय में प्रवेश कर बारीकी से जांच शुरू कर दिया।

हालांकि, मौके पर बीडीओ और सीओ के साथ ही अधिकतर कार्यालय कर्मी सांसद की आने की भनक सुन गायब हो गए। लेकिन, अंचल में तैनात प्रधान लिपिक आनंद कांत ठाकुर शराब के नशे में धुत्त अपने कक्ष कुर्सी पर बैठे डटे दिखे। जैसे ही सांसद प्रधान लिपिक के पास पहुंचे शराब की दुर्गंध सूंघ भौचक रह गए। बिना देर किए ही सांसद ने प्रधान लिपिक से बात करने के बजाय सीधे रूपौली थानेदार को फोन लगा कर मौके पर बुलाया। इसके बाद थानेदार उदय कुमार प्रधान लिपिक को गिरफ्तार कर साथ लेकर चले गए। थानेदार उदय कुमार ने बताया कि प्रधान लिपिक को धमदाहा भेज कर ब्रेथएनलाइजर से जांच करवाया गया। इसमें नशे की पुष्टि हुई है। विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

सांसद पप्पू यादव प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन पहुंच वहां भी निरक्षण किया। साथ ही बगल में स्थित आधार सेंटर पहुंच वहां के कर्मी को संख्त हिदायत देते हुए कहा कि लोगों की शिकायत है कि आधारकार्ड में नाम शुद्ध करवाने से लेकर मोबाइल नम्बर तक बदलने में दो सौ से पांच सौ रुपये का अवैध उगाही किया जाता है। यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो आप नपोगे। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

सांसद पप्पू यादव ने बताया कि पूरा रूपौली प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, मनरेगा कार्यालय और आधार सेंटर में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूपौली प्रखंड के लोगों को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सांसद ने डीएम से बात कर रूपौली प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# नई दिल्ली से पटना आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंटी, मची अफरातफरी

**पटना (एजेंसियां)।** बक्सर के पास रविवार को एक रेल हादसा हुआ है। टुनिगंज रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन अचानक दो हिस्सों में बंट गई। चलती ट्रेन के दो हिस्सों में बंटने से यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, लोको पायलट ने फौरन ट्रेन रोकी। इधर, सूचना मिलते रेलवे की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। अबतक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। स्लीपर बोगियों एस-6 और एस-7 के बीच से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। खैरियत यह रही कि उस समय ट्रेन के उस जोड़ के आसपास यात्री नहीं थे।

बताया जा रहा है कि 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली से चलकर पटना जा रही थी। डुमरांव रेलवे स्टेशन से खुलकर जैसे ही



टुनिगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची कि अचानक ट्रेन की कपलिंग टूट गई। इस कारण ऐसा हुआ। यह हादसा उसी रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पहले हुआ, जहां पिछले साल नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बेपटरी हो गई थी। उस हादसे में जानमाल की भारी क्षति हुई थी। रविवार को मगध एक्सप्रेस के यात्रियों को ट्रेन के इस तरह दो हिस्सों में बंटने के बाद रघुनाथपुर ट्रेन हादसे की याद आ गई।

इधर,पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने कहा कि रविवार को लगभग सुबह 11.15 बजे दानापुर मंडल के टुड़ीगंज और रघुनाथपुर स्टेशनों के मध्य किमी 635/32 के समीप गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस के इंजन से 13 एवं 14 डिब्बे के मध्य की कपलिंग टूट गयी थी। 11.35 बजे दानापुर से डझअठढ घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। गाड़ी के संरक्षित परिचालन हेतु कार्य जारी है। इस घटना में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

# पटना के विकास पर सांसद के साथ शहर की शख्सियतों की पहली बैठक

**पटना (एजेंसियां)।** बिहार में पुल गिरने की घटना पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में पुल गिरने की घटनाओं से मैं इनकार नहीं कर रहा हूं। लेकिन, यह सभी पुल आज से 40-50 साल पहले बने थे। उस वक्त किसका शासन था? यह पता कर लीजिए। सारे पुल कांग्रेस के शासनकाल में बने हैं। इससे बिहार की छवि धूमिल हुई है। उक्त बातें उन्होंने शनिवार रात एडवांटेज सर्विसेज के कार्यक्रम 'मैं हूं बिहार' के तीसरे संस्करण में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आठ हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट दिए हैं। जिस दिन देश में स्लीपर वंदे भारत चलेगी, उसी दिन से पटना -दिल्ली के लिए परिचालन शुरू हो जाएगा।

दरअसल, डायलॉग प्रोग्राम के तहत 'एपिसोड एक हेल्थ केयर और एपिसोड दो वित्तीय बातों की जबरदस्त सफलता के बाद एपिसोड तीन का आयोजन किया गया था। बताया गया कि एपिसोड 3 का विषय आधारभूत




संरचना मजबूत बिहार का निर्माण है। इस अवसर पर एडवांटेज सर्विसेज के संस्थापक और सीईओ खुर्शीद अहमद ने अतिथियों का स्वागत कहा कि बिहार में होटल ताज के आने से गर्व महसूस किया जा रहा है। पीएलएफ की ओर से हर मुमकिन प्रयास किया जा रहा है कि बिहार में मी लिट्रेरि फेस्टिवल कायम हो। केवल सरकार से नहीं सभी को मिलकर साथ देना होगा तभी बिहार आगे बढ़ेगा। मैं आगे चलने को तैयार हूं शर्त है कि आप लोग मुझे साथ दें।

वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविशंकर प्रसाद ने कहा कि खुर्शीद अहमद द्वारा उठाये गए कदम कबीले तारीफ है मैं इसका कायल हूं। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इस प्रकार के कार्यक्रम से यहां के लोग ही नहीं बल्की सरकार भी जागरूक होगी। रविशंकर प्रसाद ने हर तरह से मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए 80 हजार करोड़ का योजना है। उन्होंने गंगा पर चार और पुल बनाने सहित सड़के, सेंट्रल यूनिवर्सिटी पर भी बोले। उन्होंने ने कहा कि पटना में चलना आसान हो गया है। दस से बीस मिनट में एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंच जायेंगे।

इस अवसर पर मेयर सीता साहू ने भी खुर्शीद अहमद को मुबारकबाद दी और हर मुमकिन मदद करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पटना के नागरिकों को हर तरह की सहूलत देंगे। एडवांटेज सर्विसेज द्वारा एक पहल के एपिसोड 3 के प्रख्यात पैनलिस्टों में डॉ. सत्यजीत सिंह अध्यक्ष सीआईआई भारतीय उद्योग परिसंघ बिहार चौप्टर, आरएन सिंह पूर्व अध्यक्ष ठीवीसी, पूर्व बीठी पावर ग्रिड, केपीएस केशरी अध्यक्ष बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, विष्णु चौधरी प्रख्यात वास्तुकार, मणिकांत अध्यक्ष बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ बिहार और इनके साथ एंकरिंग में मिशा बाजवा चौधरी प्रसिद्ध टीवी एंकर थीं। सभी पैनलिस्ट ने अपनी सोच और तजुर्बा के आधार पर आधारभूत संरचना-मजबूत बिहार का निर्माण के विषय पर उपस्थित लोगों के साथ अपनी जानकारी साझा किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com